Printed Pages – 4

K-458

Shastri (Part-III) Examination, 2022

Paper - VII

हिन्दी

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 100

Minimum Pass Marks : 33

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। अंक प्रश्नों के समक्ष अंकित हैं।

Q. 1. निम्नांकित अवतरणों में से किन्हीं तीन की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : **3×10=30**

(क) भजन करौ भाई रे, अइसन पायके।
नहिं रहे लंकापति रावन, नहिं रहे दुर्योधन राई रे।
मात पिता सुत ठाढ़े भाई बंद, आयो जमराज पकर लै जाही रे।
लाल खंभ पर देत ताड़ना, बिन सतगुरु को होत सहाई रे।
धरमदास के अरज गोसांई, नाम कबीर कहौ गोहराई रे।

(ख) तेल फूल से लइका बाढ़य, पानी से बाढ़य धान।
खान पान में सगा कुटुम्ब, करवैया बढ़य किसान।।
जेकर घर में डउकी सियान,
तेकर घर नई कटे बिहान।

(ग) दू हाथ बढ़ाये आपू, हो जाथे जम्मो काज रे।
बूता सुरु हो जाथे, जब ते लेथस अवताज रे।।
जांगर पेरे तौ भुइयाँ म अनपूरना के राज रे।
माटी सोन्ना होही, पछीना चुचवाही आज रे।।
देंह जुड़ाही सटकुन, परिही जब जोरहा धाम रे।।

(घ) नवरात मनइया मन नव दिन ले उपस रहिंथय। उंखर विश्वास है के ये समै मं जउन अनुष्ठान होथय तेखर बड़ा फायदा होथय। काहे के, संयम मं रहे के कारन, रितु परिवर्तन होथे के कारन, आने वाला कष्ट व्याधि से अनुष्ठान करइया बचे रहिथय, दूसर हवन अउ यज्ञ के धुंवा ले हवा सुद्ध हो जाथय, जेखर कारन किसम-किसम के रोग राइ के समाप्ति हो जाथय। खराब हवा ल बने करे खाती हवन सबले बढ़िया उपाय आय।

(ङ) छै बित्ता के मनखे देखौ, का का जिनिस बिसा लेथे।
आगी पानी पवन अकासा, भुंइया तको नंगा लेथे।।
चारो डहर सवाल उगे हे, मूड़ उचाए करगा कस।
मैला लू के सफल किसन्हा, हर जुवाब सिरजा लेथे।।

Q. 2. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **3×10=30**

(i) संत काव्यधारा की प्रमुख प्रवृत्तियों को बताते हुये संत धर्मदास का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ii) "सीख-सीख के गोठ" नामक पाठ के वस्तु शिल्प एवं शैली पर प्रकाश डालिए।

(iii) छत्तीसगढ़ी काव्य-परंपरा में विनय कुमार पाठक के योगदान पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(iv) छत्तीसगढ़ी भाषा के विविध रूपों का परिचय दीजिए।

(v) कपिलनाथ कश्यप की "श्री रामकथा" पर प्रकाश डालिए।

Q. 3. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4×5=20**

(i) "देवार डेरा" लोकमंच का सामाजिक पहलू।

(ii) "छत्तीसगढ़ी दान लीला" का कथानक लिखिए।

(iii) मुकुंद कौशल का काव्य संसार को स्पष्ट कीजिए।

(iv) "एक किसिम के नियाव" कविता के शिल्प पर प्रकाश डालिए।

(v) "सीख-सीख के गोठ" पाठ का उद्देश्य लिखिए।

(vi) विजयादशमी का सामाजिक महत्व बताइए।

Q. 4. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए : **10×2=20**

(1) "अकादसी अउ अनचिन्हार" किस विधा की और किस रचनाकार की रचना है ?

(2) "लालटेन जलने दो" नामक काव्य संग्रह के रचनाकार कौन हैं ?

(3) गज़ल मूलतः किस भाषा का काव्य प्रकार है ?

(4) 'कमचिल' का हिन्दी शब्द लिखिए।

(5) संत धर्मदास का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(6) "जाग छत्तीसगढ़ जाग" किस विधा की और किस लेखक की रचना है ?

(7) "सीख-सीख के गोठ" नामक पाठ की लेखिका का नाम तथा जन्मतिथि बताइए।

(8) "चार झन" किस प्रकार का विशेषण है ?

(9) "छत्तीसगढ़ी दान लीला" किसकी रचना है ?

(10) पं0 सुंदरलाल शर्मा ने सन् 1904 में किस नाटक की रचना की ?

(11) "छत्तीसगढ़ी देहाती कला विकास मंडल" की स्थापना किसने और कब की।

(12) "डहर के फूल" किस लेखक की तथा किस विधा की रचना है ?